# कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
## जिला – कोरबा (छ.ग.)

क्र./मु.चि.अ./एन.यु.एच.एम./एच.आर./2022 4418 कोरबा दिनांक 07-04-2022

## //विज्ञापन//

संयुक्त संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छ.ग. रायपुर के पत्र कमांक/एनएचएम/एच.आर./2022/एन.एस.–1637/3703 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 24.02.2022 द्वारा **पन्द्रहवें वित्त आयोग सत्र 2021–22 हेतु Health Grants के अधीन शहरी स्वास्थ्य संस्थाओं (UHWC) कोरबा मे मानव संसाधन की संविदा भर्ती हेतु** दिये गये निर्देश के परिपालन में निम्न तालिका अनुसार रिक्त पदों पर संविदा नियुक्ति हेतु निर्धारित शैक्षणिक योग्याताधारी (शैक्षणिक योग्यता मान्यता प्राप्त संस्था/विश्वविद्यालय से होना अनिवार्य है) अभ्यर्थियों **हेतु वॉक–इन–इन्टरव्यु** कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला कोरबा में आयोजित किया गया है। निर्धारित तिथि व समय के पश्चात् प्राप्त आवेदनों/अभ्यावेदनों को स्वीकार नहीं किया जावेगा।

**भाग–अ**

### पदवार रिक्तियों का विवरण निम्नानुसार है:–

| S. No | Post Name | Program name | Total Post | UR | OBC | SC | ST | Salary | Educational Qualification | Walk-IN-Interview Date |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Staff Nurse | UHWC (15th FC) | 19 | 6 | 3 | 2 | 8 | 16,500/- | 01-B.Sc. Nursing/Post Basic B.Sc. Nursing<br>02-General Nursing and Midwifery (GNM) with CG Nursing Council registration<br>**(Final Merit List prepared on the basis of order of priority.like 1 & 2)** | 22-Apr-2022 |
| 2 | MPW (M) | UHWC (15th FC) | 19 | 6 | 3 | 2 | 8 | 14,000/- | Must have passed Higher Secondary Examination [10+02) examination with Biology subiect.<br>One year Diploma in Multipurpose Worker Training or equivalent training from training center recognized by the State Government with registered in Chhattisgarh Paramedical Council. | 23-Apr-2022 |
| 3 | Jr. Secretarial Assistant | UHWC (15th FC) | 19 | 6 | 3 | 2 | 8 | 12,000/- | 12th Passed with at least 1 Year Computer Diploma | 25-Apr-2022 |
| 4 | Class 4 | UHWC (15th FC) | 19 | 6 | 3 | 2 | 8 | 10,000/- | 10th Passed. | 23-Apr-2022 |

**भाग–ब**

### आवेदन संबंधी दिशा निर्देश :–

| स.क. | पदनाम | दिनांक | दिशा निर्देश |
|---|---|---|---|
| 1 | Staff Nurse | 22-Apr-2022 | • पंजीयन हेतु निर्धारित समय – सुबह 9.00 बजे से अप.12.00 बजे तक<br>• पात्र/अपात्र सुची का प्रकाशन – अप. 3.00 बजे तक<br>• दावा आपत्ति हेतु समय – अप. 03.00 से सायं 04.00 बजे तक<br>• दावा आपत्ति निराकरण – सायं 04:30 बजे से<br>• वॉक–इन–इन्टरव्यू/कौशल परीक्षा – दावा आपत्ति निराकरण के पश्चात् 5:00 बजे से अथवा आवश्यकतानुसार/ आवेदनों की संख्या अधिक होने की स्थिति में/ अपरिहार्य कारणों से चयन समिति के निर्णयानुसार दावा आपत्ति/ साक्षात्कार/ कौशल परीक्षा हेतु अलग तिथि निर्धारित किया जा सकेगा, जिसकी सूचना कार्यालयीन सूचना पटल/ विभागीय वेबसाईट https://korba.gov.in में दी जावेगी। |
| 2 | MPW (M) | 23-Apr-2022 | |
| 3 | Jr. Secretarial Assistant | 25-Apr-2022 | |
| 4 | Class 4 | 23-Apr-2022 | |



Chief Medical and Health Officer District Korba (C.G.)

## भाग–स

**भर्ती के संबंध में सामान्य शर्तें एवं दिशा निर्देश :–**

1. विज्ञापन की विस्तृत जानकारी, आवेदन पत्र का प्रारूप एवं चयन प्रकिया का परिणाम कार्यालयीन सुचना पटल एवं जिले के वेबसाईट https://korba.gov.in पर देखा जा सकता है। इसके अतिरिक्त किसी अन्य प्रकार से जानकारी नही दी जावेगी।
2. उक्त भर्ती में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी जिला स्तरीय आरक्षण रोस्टर का पालन किया जायेगा तथा समय–समय पर जारी अन्य निर्देश/आदेश/नियम यथा संसोधित लागु होंगे।
3. वॉक–इन–इंटरव्यु के माध्यम से पात्र अभ्यर्थियों की वरीयता सूची अनुसार कौशल परीक्षा/साक्षात्कार द्वारा ही नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण किया जायेगा। पंजीयन हेतु संलग्न आवेदन पत्र प्रारुप में ही निर्धारित दिनांक एवं समय में ही स्वीकार किये जायेंगे, तत्पश्चात किसी का भी पंजीयन या आवेदन स्वीकार नहीं किये जावेगे। अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा में उपस्थित होने के लिए किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता/व्यय देय नही होगा।
4. अपूर्ण एवं त्रुटीपूर्ण भरे हुए आवेदन पत्रों को निरस्त करते हुए चयन प्रकिया में शामिल नहीं किया जावेगा।
5. आवेदक आवेदन करते समय लिफाफे के उपर **आवेदित पद का नाम (Name of Post) एवं संवर्ग (Category)** स्पष्ट रुप से उल्लेख करे।
6. आवेदन पत्र **कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, रजगामार रोड, जिला–कोरबा छ.ग.** में स्वयं उपस्थिति होकर किये जावेगे।
7. 01 जनवरी 2022 को आयु न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 64 वर्ष प्रबंधकीय पद हेतु तथा 70 वर्ष चिकित्सकीय पद हेतु होना चाहिए, आयु की गणना दिनांक 01 जनवरी 2022 की स्थिति में की जावेगी।
8. अभ्यर्थी द्वारा एक से अधिक पदों पर आवेदन करने की स्थिति में पदवार पृथक आवेदन व डिमांड ड्राफ्ट संलग्न करना अनिवार्य होगा, अन्यथा आवेदन मान्य नही किया जावेगा।
9. प्रत्येक पद के आवेदन पत्र के साथ निर्धारित आवेदन शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा " NRHM FUND MAIN A/C 32287394726 KORBA" के नाम से जारी डीडी (डिमांड ड्राफ्ट) बनाकर आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा, जो वापसी योग्य नही होगा।
10. बिना आवेदन शुल्क (निर्धारित राशि डिमांड ड्राफ्ट) आवेदन अपूर्ण माना जावेगा एवं भर्ती प्रकिया में शामिल नही किया जावेगा।
11. आवेदन शुल्क का विवरण निम्नानुसार है:–

| क्र. | वर्ग | शुल्क का विवरण |
|---|---|---|
| 1 | विकलांग/अ.जा./अ.ज.जा./महिला | 100 |
| 2 | अन्य पिछडा वर्ग | 200 |
| 3 | अनारक्षित वर्ग | 300 |

12. उक्त पदों हेतु कोरबा जिले के मूल निवासी को प्राथमिकता दी जावेगी। कोरबा जिले के पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में ही अन्य जिले के अभ्यर्थियों का चयन किया जावेगा।
13. परीक्षा हेतु पात्र अभ्यार्थियों को लिखित/कौशल परीक्षा/साक्षात्कार के समय आवेदन के साथ संलग्न किए समस्त मूल दस्तावेज मांगे जाने पर उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। सत्यापन के समय किसी भी मूल दस्तावेज के अभाव में लिखित/कौशल परीक्षा/साक्षात्कार में बैठने की अनुमति नहीं दी जावेगी।
14. अनुभव एवं अन्य प्रमाण पत्र के सत्यापन मे असत्य पाये जाने पर संबंधित को भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण मे अथवा चयन से निरस्त किया जा सकता है, जिसके लिये किसी भी न्यायालय मे वाद दायर नही किया जा सकेगा एवं न्यायालीन प्रक्रिया/किये जाने वाले कार्यवाही हेतु अभ्यर्थी स्वयं उत्तरदायी होंगे।
15. दावा आपत्ति हेतु निर्धारित समयावधि पश्चात किये गये आपत्ति आवेदन अमान्य होगा तथा चयन समिति द्वारा ली गई निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। जिसके विरूद्ध कोई अपील/शिकायत स्वीकार्य नहीं होगा।



Chief Medical and Health Officer
District Korba (C.G.)

16. आवश्यक दस्तावेज (आवेदन करते समय निम्न अभिलेखों की छायाप्रति अनिवार्यतः संलग्न किये जावे) :–
17. 10वी की अंकसूची, (जन्म तिथि के प्रमाण हेतु)
   01. निर्धारित न्यूनतम शैक्षिणिक योग्यता के सभी वर्षो की अंक सूची/संबंधित डिग्री/इंटर्नशीप प्रमाण पत्र।
   02. संबंधित पद हेतु निर्धारित वांक्षनीय शैक्षिणिक योग्यता की अंक सूची ।
   03. छ.ग. कॉन्सिल पंजीयन का जीवित प्रमाणपत्र जिन पदों हेतु लागू है संलग्न करना आवश्यक है।
   04. सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थाई जाति प्रमाण पत्र (आरक्षित वर्ग हेतु)।
   05. सक्षम अधिकारी द्वारा जारी मूल निवास प्रमाण पत्र।
   06. नियोक्ता द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र।
   07. विशेष छुट हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र।
   08. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र जिन पदों हेतु लागू है संलग्न करना आवश्यक है।
18. अनुभव प्रमाण पत्र केवल केन्द्र एवं राज्य सरकार के उपक्रम/शासकीय/अर्द्धशासकीय/शासकीय वित पोषित संस्थाओं के पदों पर पद से संबंधित कार्य अनुभव हेतु प्रत्येक पूर्ण वर्ष के मान से 02 अंक अधिकतम 10 अंक प्रदाय किया जावेगा। (एन.एच.एम. में कार्यरत अभ्यार्थियों को प्रतिवर्ष 3 अंक के मान से अधिकतम 15 अंक प्रदाय किया जावेगा।)
19. अनुभव में अंको की गणना एक संस्था में एक पद पर 12 माह पूर्ण होने पर ही एक वर्ष का अंक दिया जावेगा, 12 माह से कम अनुभव होने पर अंको की गणना नही की जावेगी।
20. अवर सचिव, छ.ग. शासन, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण आदेश पत्र पृ.क्र. एफ. 1–67/2021/सत्रह/एक नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 07.12.2021 के तहत दिये गये आदेश के परिपालन में केवल कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान छत्तीसगढ़ राज्य के शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में नियुक्ति एवं 06 माह से लगातार सेवा देने वाले एस.डी.आर.एफ./डी.एम.एफ./सी.एस.आर. मद अंतर्गत कार्यरत अस्थायी स्वास्थ्य कर्मी का अनुभव (नियोक्ता द्वारा जारी प्रमाण पत्र) चयन समिति द्वारा लिए गए निर्णय मान्य किया जावेगा।
21. शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था में कार्यरत अभ्यर्थियों को नियोक्ता द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है। अनुभव अंक हेतु नियोक्ता द्वारा जारी हस्ताक्षरित प्रमाण–पत्र को ही मान्य किया जायेगा।
22. निम्न तालिका अनुसार पात्र अभ्यर्थियों को वरीयता सूची अनुसार लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा/साक्षात्कार/चयन प्रक्रिया हेतु आमंत्रित किया जायेगा–

| क्र. | कुल विज्ञापित पदों की संख्या | लिखित परीक्षा/ कौशल परीक्षा/ साक्षात्कार लिए जाने हेतु अभ्यर्थियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | 1 से 10 | कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 10 गुना |
| 2 | 11 से 50 | कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 5 गुना |
| 3 | 50 से अधिक | कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 3 गुना |

23. **पद कमांक 01** (Staff Nurse) हेतु शैक्षणिक योग्यता के 65 प्रतिशत अंक एवं अनुभव के अधिकतम 15 अंको को जोडकर वरीयता सूची बनायी जावेगी। 20 अंक का साक्षात्कार लिया जायेगा। विज्ञापन में प्रकाशित शैक्षणिक योग्याता के क्रम अनुसार भर्ती में चयन हेतु प्राथमिकता दी जायेगी।
24. **पद कमांक 02** (MPW-Male) हेतु शैक्षणिक योग्यता के 65 प्रतिशत अंक एवं अनुभव के अधिकतम 15 अंको को जोडकर वरीयता सूची बनायी जावेगी। 20 अंक का साक्षात्कार लिया जायेगा।
25. **पद कमांक 03 (Jr. Secretarial Assistant)** –हेतु शैक्षणिक योग्यता के 65 प्रतिशत अंक एवं अनुभव के अधिकतम 15 अंको को जोडकर वरीयता सूची बनायी जावेगी। 20 अंक का कौशल परीक्षा लिया जायेगा।
26. **पद कमांक 04** (Class 4) हेतु शैक्षणिक योग्यता के 85 प्रतिशत अंक एवं अनुभव के अधिकतम 15 अंको को जोडकर अंतिम वरीयता सूची बनायी जावेगी।
27. यह नियुक्तियां पंद्रहवें वित्त आयोग के अधीन होगी, अतः समस्त कर्मचारी पंद्रहवें वित्त आयोग के होंगे।
28. सभी पद पूर्णतः संविदा आधारित है, जो कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छत्तीसगढ़ अंतर्गत संविदा मानव संसाधन नीति 2018 (यथा संसोधित) के अधीन है।



Chief Medical and Health Officer
District Korba (C.G.)

29. संविदा मानदेय :— संविदा सेवा अवधि के दौरान प्रतिमाह एकमुश्त मानदेय देय होगा, इसके अतिरिक्त किसी अन्य प्रकार की भत्ता/सुविधा देय नही होगा।
30. उपरोक्त नियुक्तियां वार्षिक कार्य मुल्यांकन के आधार पर अधिकतम 5 वर्ष के लिए होगी तथा पन्द्रहवें वित आयोग की कार्यावधि के अनुसार निर्धारित होगी।
31. उक्त संविदा पद अस्थानांतरणीय होगा तथा नियुक्ति आदेशानुसार पदस्थापना स्थल में 7 दिवस के भीतर उपस्थिति देना अनिवार्य होगा। निर्धारित समय व पदस्थापना स्थल में अपनी उपस्थिति नहीं देने के स्थिति में चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति स्वतः निरस्त हो जायेगी।
32. संविदा पर नियुक्त कर्मचारी का Performance Appraisal नियंत्रण अधिकारी द्वारा किया जावेगा।
33. आवेदित पद पर चयनित होने मात्र से नियुक्ति का अधिकार प्राप्त नहीं होगा। अंतिम रूप से नियुक्त रिक्त पदों की वास्तविक उपलब्धता तथा अन्य आवश्यक प्रक्रिया/मापदण्डों पर निर्भर करेगी।
34. प्रत्येक पद के लिये प्रवर्गवार प्रतिक्षा सूची भी जारी की जावेगी, प्रतीक्षा सूची हेतु कुल स्वीकृत पद के अनुक्रम में 25 पदों तक 200 प्रतिशत, 25 से 50 पदों हेतु 150 प्रतिशत, 50 से अधिक पदों हेतु 100 प्रतिशत अभ्यार्थियों को प्रतिक्षा सूची में रखा जावेगा।
35. अंतिम चयन सूची व प्रतिक्षा सूची की वैधता प्रकाशन तिथि से अगामी न्यूनतम एक वर्ष या अगली नवीन भर्ती के विज्ञापन जारी होने तक वैध रहेगी। इस समयावधि में स्वीकृत नवीन पद/त्याग पत्र अथवा किसी कारण से रिक्त होने वाले पदों को भी इसी प्रतिक्षा सूची से भरा जा सकेगा।
36. चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि किसी उम्मीदवार द्वारा किसी भी प्रकार से किसी प्रकार का दबाव डलवाया जा रहा है या निश्पक्ष चयन प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है। तो उनका आवेदन पत्र अमान्य कर दिया जावेगा। तथा इस संबंध में कोई भी दावा मान्य नहीं किया जावेगा।
37. अभ्यार्थियों को आवेदन पत्र में निर्दिष्ट स्थान पर स्वयं का नवीनतम पासपोर्ट आकार का फोटो स्वयं के द्वारा सत्यापित कर चिपकाए।
38. भर्ती की प्रक्रिया के दौरान होने वाले किसी भी विवाद एवं समस्या पर अंतिम निर्णय लेने का सर्वाधिकार **जिला स्तरीय चयन समिति** का होगा। जो सभी आवेदको को मान्य होगा।
39. ऐसे अभ्यर्थी जिनकी सेवा अनुशासन हीनता/वित्तीय अनियमितता/अनुचित व्यवहार के कारण राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन या अन्य किसी भी शासकीय विभाग द्वारा समाप्त की गई है चाहे वे किसी भी पद पर रहे हो उन्हे अपात्र उम्मीदवारों की संज्ञा में रखा जावेगा।
40. प्रशासकीय कारणो से अधिसुचित रिक्तियों में पदो की संख्या घटाई या बढाई जा सकती है या निरस्त भी किया जा सकता है। जिसका अधिकार चयन समिति/नियोक्ता को होगा।
41. चयनित अभ्यर्थियों को कार्य में उपस्थित होने के पश्चात् किसी भी समय नोटिस देकर संविदा नियुक्ति समाप्त की जा सकती है अथवा संविदा कर्मचारी द्वारा नियुक्तिकर्ता अधिकारी को एक माह पूर्व सूचना/एक माह का संविदा मानदेय की समतुल्य राशि जमा कर त्यागपत्र दिया जा सकता है।
42. संविदा नियुक्त अधिकारी/कर्मचारी का कार्य संतोषजनक नही पाये जाने की दशा में नियोक्ता द्वारा समान सुनवाई का अवसर दिने जाने क पश्चात सेवा समाप्ति का अधिकार नियुक्तकर्ता अधिकारी का होगा। सेवा समाप्ति के लिये एक माह के पूर्व सूचना या एक माह का वेतन भुगतान कर सेवा समाप्त की जा सकेगी।
43. संविदा कर्मचारी द्वारा नियुक्ति उपरांत कदाचरण करने अथवा किसी अपराधिक वित्तीय अनियमितता संबंधी कृत्य में लिप्त होने पर नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा सुनवाई का अवसर देने के पश्चात् संविदा नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी।
44. वार्षिक कार्यमूल्यांकन प्रतिवेदन में प्रतिकूल टिप्पणी किये जाने कि स्थिति में कारण अनिवार्य रूप से अंकित किया जावेगा अन्यथा प्रतिकूल टिप्पणी मान्य नहीं होगा।
45. संविदा समाप्ति के पश्चात कर्मचारी को समस्त फाईल, रिकार्ड, चाबी एवं अन्य सुविधायें व साम्रगी जो कार्यालय की सम्पत्ति होगी, वापस करना अनिवार्य होगा।



Chief Medical & Health Officer
District Korba (C.G.)

46. किसी भी संविदा कर्मचारी द्वारा बिना किसी सूचना के अनुमति प्राप्त किये बिना अथवा बिना अवकास स्वीकृति के अनुपस्थित रहने पर 30 दिवस या अधिक पूरे वित्तीय वर्ष में अनाधिकृत अनुपस्थित होने की दशा में सेवा से पृथक किया जावेगा।
47. उक्त कर्मचारियों हेतु शासन द्वारा निर्धारित 18 दिवस के आकस्मिक अवकाश व 03 दिवस के ऐच्छिक अवकाश की पात्रता होगी। साथ ही शासन के नियमानुसार मातृत्व अवकाश एवं शासन द्वारा पर जारी अन्य निर्देश /आदेश/नियम यथा संशोधित लागू होंगें।
48. उक्त नियुक्ति का चयन राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा किया जावेगा। चयन परिणाम प्रकाशित होने के बाद भी यदि घोषित चयन परिणाम में अंकण/टंकण/मुदण/प्रक्रिया संबंधी त्रुटि ध्यान में आती है तो चयन समिति के पास संधारित मूल डाटा के आधार पर चयन परिणाम सुधारने का अधिकार सुरक्षित रहेगा। इस हेतु किसी भी प्रकार का दावा आपत्ति किसी भी स्तर पर मान्य नहीं होगा।
49. आवश्यकतानुसार जिला स्वास्थ्य समिति के निर्णय अनुसार अन्य निर्देश व शर्तें लागू की जा सकती है।
50. चयन उपरांत सभी चयनित उम्मीद्वारों को नॉन ज्युडिसिल स्टाम्प पर बाण्ड प्रस्तुत करना होगा।

**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी**
**जिला – कोरबा (छ.ग.)**

Chief Medical & Health Officer
District Korba (C.G.)

# आवेदन–पत्र का प्रारूप

| स्व प्रमाणित सत्यापित नवीनतम् फोटो चस्पा करें |
|---|

आवेदित पद का नाम–.................................................................एवं पद क्रमांक..................

आवेदित वर्ग का नाम–...................................................................

प्रति,

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला– कोरबा (छ.ग.)

01. आवेदक का पुरा नाम (हिन्दी में) :–...............................................................................

(अंग्रेजी के कैपिटल अक्षर में) :–...............................................................................

02. पिता / पति का नाम :–...............................................................................

03. माता का नाम :–...............................................................................

04. जन्मतिथि (अंको में) :–वर्ष............................माह......................दिनांक.................

(शब्दों में) :–...............................................................................

05. दिनांक 01 / 01 / 2022 की स्थति में आयु वर्ष ...................... माह.......................दिन.........................

06. लिंग (महिला / पुरूष / अन्य) :–...............................................................................

07. वर्तमान पता :–...............................................................................

:–...............................................................................

:–.........................................पिन कोड .........................

08. मोबाइल नं (स्वंय का) :–.............................................(अन्य)............................

09. रोजगार पंजीयन कमांक :–...............................................................................

10. ई–मेल आईडी :–...............................................................................

11. आधार कार्ड नम्बर :–...............................................................................

12. स्थाई पता :–...............................................................................

(निवास प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि संलग्न करें) :– ...............................................................................

:–...............................................................................

13. जाति–अना. / अ.ज.जा / अपिव :–...............................................................................

(प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि संलग्न करें)

14. बैंक डिमांड ड्राफ्ट जारी करने वाले बैंक का नाम :–...............................................................................

15. बैंक डिमांड ड्राफ्ट कमांक– .................................... दिनांक .................................... राशि .....................

16. क्या शासकीय या अर्धशासकीय संस्था में कार्यरत है :–...............................................................................
(यदि हां तो नियोक्ता द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें।)



Chief Medical & Health Officer
District Korba (C.G.)

17. शैक्षणिक योग्यता (प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि संलग्न करें):–

| क्र. | परीक्षा का नाम | विषय | बोर्ड / वि.वि.का नाम | परीक्षा उत्तीर्ण करने का वर्ष | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

18. कार्यानुभव यदि हो तो उल्लेख करें (नियोक्ता द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि संलग्न करें):–

| क्र | कार्यालय का नाम | पदनाम | कार्यादेश क्रमांक एवं दिनांक | कार्यावधि | | कार्य का विवरण / क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | दिनांक से | दिनांक तक | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

19. संलग्न दस्तावेज की सूचीः (स्वप्रमाणित / सत्यापित)–

1............................................................................ 2............................................................................ 3............................................................................

4............................................................................ 5............................................................................ 6............................................................................

7............................................................................ 8............................................................................ 9............................................................................

**आवेदक का हस्ताक्षर**

**घोषण पत्र**

मैं प्रमाणित करता / करती हूं कि इस आवेदन पत्र में दिये गये सभी विवरण मेरे ज्ञान एवं विश्वास के अनुसार सत्य है। आवेदित पद के लिए मैं निर्धारित योग्यता रखता / रखती हैं. मुझे जानकारी है कि इसमें दी गई जानकारी या सूचना गलत, असत्य, अपूर्ण पायी जाने पर उक्त पद हेतु मेरी उम्मीदवारी रद्द या निरस्त की जा सकती है एवं मेरे विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही मुझे मान्य होगी।

**आवेदक का हस्ताक्षर**

**स्थान**... .............

**दिनांक**.............

**नाम** ——————————————

**मोबाईल नम्बर** ——————————

**पता** ——————————————

——————————————



Chief Medical and Health Officer
District Korba (C.G.)